120 सीटों पर होगा एडमिशन, पहला बैच 2021-26 के लिए

आईआईएम रांची में अब 5 साल का एमबीए कोर्स

ranchi@inext.co.in

RANCHI (14 Feb): इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची देश का दूसरा आईआईएम बन गया है, जहां पांच साल का एमबीए कोर्स शुरू हो रहा है. इस पांच वर्षीय कोर्स का पहला बैच 2021 से 2026 के लिए शुरू हो रहा है. आईआईएम रांची से पहले आईआईएम इंदौर पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए की पढ़ाई कराता है. आईआईएम रांची के पांच वर्षीय एमबीए कोर्स में एडमिशन सैट टेस्ट स्कोर के आधार पर मिलेगा. 120 सीट के लिए एडमिशन लिया जाएगा.

14 लाख रुपए फीस

इस पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के लिए आईआईएम रांची ने 14 लाख रुपए फीस निर्धारित की है. इसमें हॉस्टल रूम चार्ज और मेस चार्ज अलग से लिया जाएगा. इस कोर्स में 12वीं पास स्टूडेंट्स एडमिशन ले सकते हैं. एडमिशन के लिए 12वीं में संकाय की बाध्यता नहीं है. सामान्य श्रेणी के स्टूडेंट्स के लिए 12वीं में 60 परसेंट और आरक्षित श्रेणी के लिए 55 परसेंट मार्क्स जरूरी है.

ऐसा है कोर्स करिकुलम

इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट पूरे पांच साल का कोर्स है. इसे पूरा करने के बाद यह एमबीए के समतुल्य होगा. इस कोर्स में कुल 15 टर्म्स होंगे. कोर्स को दो हिस्सों में बांटा गया है. पहला हिस्सा तीन साल का होगा, जिसे फाउंडेशन कहते हैं. दूसरा दो साल संस्थान के अनुसार, पूरी तरह मैनेजमेंट पर फोकस होगा. यह कोर्स मैनेजमेंट और सोशल साइंस का मिक्स है. फाउंडेशन के दौरान स्टूडेंट्स को सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी, लिटरेचर, फाइन आर्ट्स, ह्यूमैनिटीज, मैथ्स, इकनॉमिक्स, स्टैटिस्टिक्स, पॉलिटिकल साइंस पढ़ाया जाएगा. दो वर्ष पूरे होने पर स्टूडेंट्स को एक सोशल इंटर्नशिप भी करनी पड़ेगी.

एडमिशन का क्या होगा आधार

इस पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में एसएटी (स्कॉलिस्टिक एडमिशन टेस्ट) के स्कोर के आधार पर एडमिशन मिलेगा. यह टेस्ट एक साल में पांच बार (मार्च, मई, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर) में लिया जाता है. यह देश के 70 शहरों में 73 सेंटर्स पर लिया जाता है. आईआईएम के पहले बैच में एडमिशन लेने के लिए इच्छुक स्टूडेंट्स को 28 फरवरी से पहले एसएटी टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा. यह टेस्ट रांची में होगा.

iNext, 15.02.2021, Pg. 04